CCPS CENTER FOR CHEMICAL PROCESS SAFETY 20 YEARS
An AIChE Industry Technology Alliance

# क्रियाओं में बचाव का आकाशद्वीप

http: //www.aiche.org/ccps/safetybeacon.htm

कार्य में लिप्त व्यक्तियों के लिए एक संदेश

9/11 के आतंकवादी हमले में मारे गये या उनके नज़दीकी रिश्तेदारों को समर्पित

## 11 सितम्बर 2001 – कभी न भूलने वाला दिन

सितम्बर 2005

सितम्बर, एक ऐसा माह जो 11.09.2001 की दुर्घटना की याद ताज़ा कर देता है। एक सुनियोजित तरीके से 4 हवाई जहाज़ अपहरण किए गए। दो जहाजों ने न्यूयार्क वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर के टावरों को टक्कर मारी जिससे दोनों ही टॉवर ध्वस्त हो गये। तीसरे ने वाशिंगटन में पैन्टागन को निशाना बनाया और चौथा पैन्सिल्वेनिया के मैदान में जा गिरा। हज़ारों जाने गई, अरबो डालर का नुकसान हुआ और हर व्यक्ति की परेशानियां ही बढ़ी। आपतकालीन संगठनों ने जमकर कार्य किया और शीघ्र ही जीवन पुनः पटरी पर ला खड़ा किया।

### तब से क्या–क्या हुआ............

*सरकार, व्यापार, संगठनों और व्यक्ति विशेषों द्वारा अनेक एक्शन लिए गये जैसे:*

- 'अमरीकी फैडेरल सरकार' ने डिपार्टमैंट ऑफ होमलैन्ड सिक्योरिटी (DHS) बनाया जो देश भर में सुरक्षा नियमों पर जोर–शोर से कार्यरत है।
- राज्य और लोकल सरकारों ने अपने सुरक्षा नियम पुनः जांचे और उनमें कई बदलाव किये।
- 'अमरीकी तटरक्षक' एवं 'परिवहन विभाग' ने सुरक्षा मामलों से संबंधित फैडेरल दिशानिर्देश जारी किये।
- AIChE के CCPS ने रसायनिक कारखानों में खामियाँ जांचने और उन्हें सम्भालने के दिशानिर्देश' जारी किये।
- अमरीकी रासायनिक कॉउन्सिल के सदस्यों ने 'रिस्पौन्सिबल केयर' में रक्षा कोड लागू किया।
- दुनियाभर में विभिन्न रासायनिक फैक्ट्रियों ने सुरक्षा खामियों का विश्लेषण कराया और और उन्हें सुधारने के लिए कदम उठाए।

### आप क्या कर सकते हैं ...........

*एक जानकर, चौकन्नी वर्कफोर्स, किसी भी क्षेत्र की रक्षा का अहम हिस्सा होती है।*

- अनियमित या अनियोजित चीज़ों के बारे में सवाल करें, आपके क्षेत्र में कोई भी उपस्थित व्यक्ति या वाहन किसी न किसी के द्वारा बुलाया ही गया होगा। यदि यह अनावश्यक ही वहाँ है तो यह खतरे की घंटी हो सकती है। इन सब कार्यों या घटनाओं से निबटने के लिए उपयुक्त व्यक्ति जैसे सुरक्षा अधिकारी की मदद अवश्य लें।
- आपके क्षेत्र में शंकित सामान, बम–धमकी, आपतकालीन स्थिति इत्यादि से निबटने के लिए अनेक सिस्टम या नियम हो सकते हैं। उन सबको पढ़ने, समझने या लागू करने के लिए समय का प्रावधान अवश्य रखें।
- यदि आपके क्षेत्र में खतरनाक रसायन हैं तो आप सचेत रहें। आपतकाल में ये नाजुक सिद्ध हो सकते हैं, अतः इनका खास ध्यान रखा जाना चाहिए।
- साफ–सफाई आपके क्षेत्र की सुरक्षा का अभिन्न अंग है। एक सच्चा साफ प्लाट वही है जो अवांछित या अनियमित चीज़ों को तुरंत भांप कर स्थान को बेहतर बना लेता है।
- याद रखने लायक बात यह है कि अधिक सुरक्षा जांचों से लोगों की असुविधाएं अवश्य बढ़ेगी। अतः इनको झेलने का धैर्य व साहस पैदा करें।

**सदा सचेत रहें। हमारी सामूहिक होशियारी ही हमारे स्वस्थ भविष्य की नींव है।**

AIChE© 2005, सभी अधिकार सुरक्षित। पुनः ब्रिक्री निषेध है। अव्यवसायिक व शिक्षा कारणों के लिए पुनः जारी करें। लिखें या बात करें:
ccps_beacon@aiche.org ; 212-591-7319

यह आकाशद्वीप साधारणतया अंग्रेजी, जर्मन, स्पैनिश, फ्रेंच, पुर्तगाली, डच, हिन्दी, अरबी, हैब्रियू, इटालियन एवं चीनी में उपलब्ध होता है। अधिक जानकारी के लिए लिखें – ccps_beacon@aiche.org
This document has been translated with the help of Cholamandalam MS Risk Services Ltd., India. :-www.cholarisk.com.